राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
बिहार सरकार

विज्ञापन संख्या-BCECEB(Rev)-03/2019 दिनांक- 22.04.2020

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (बिहार सरकार) के अधीन ''अमीन (जिला उप संवर्ग के अंतर्गत अंचल अमीन / भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता कार्यालय / भू-अर्जन निदेशालय)'' के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने एवं ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा के आधार पर पैनल निर्माण से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा संसूचित अधियाचना के अनुसार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधीन ''अमीन (जिला उप संवर्ग के अंतर्गत अंचल अमीन / भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता कार्यालय / भू-अर्जन निदेशालय)'' के पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन कम्प्यूटर बेस्ड परीक्षा (Computer Based Test) के आधार पर पैनल निर्माण हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में दिनांक 23.12.2019 से 22.01.2020 तक की अवधि में ऑनलाईन (Online) आवेदन आमंत्रित किये गये थे जिसमें दिव्यांग कोटा के अभ्यर्थियों के लिए बहुदिव्यांग का उल्लेख नहीं था। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से प्राप्त निदेश के आलोक में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (The Right of Persons with Disabilities Act, 2016) की धारा 34(1) की कंडिका (e) के अन्तर्गत बहुदिव्यांग (Multiple Disabilities) श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन (online) आवेदन भरने का अवसर निम्नवत् तिथियाँ अनुसार प्रदान किया जाता है।

वैसे अभ्यर्थी जो बहुदिव्यांग (Multiple Disabilities) श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं, परन्तु आवेदन में उल्लेख नहीं होने के कारण विकलांगता की किसी अन्य श्रेणी का चयन कर पूर्ण रूप से आवेदन भरे हैं, उन्हें पुन: आवेदन भरने की आवश्यकता नहीं है बल्कि उन्हें ''गलती सुधार करने हेतु'' यथा समय Edit का मौका दिया जायेगा एवं तद्नुसार विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा। उस समय ऐसे अभ्यर्थी अपनी data को अन्य त्रुटियों के साथ-साथ बहुदिव्यांगता (Multiple Disabilities) संबंधी सुधार कर सकेंगे।

i. शैक्षणिक योग्यता : अमीन पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इन्टरमीडिएट (10+2) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

ii. Online आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया विज्ञापन संख्या-BCECEB(Rev)-02/2019 दिनांक- 21.12.2019 के माध्यम से एवं पदों की कोटिवार संख्या, वेतनमान, आयु सीमा, आरक्षण, Computer Based परीक्षा का विषय तथा अन्य जानकारी अमीन की विवरण-पुस्तिका में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के Website : bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।

iii. **बहुदिव्यांग (Multiple Disabilities) श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

1.	Registration/ऑनलाईन आवेदन भरने/परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रारम्भ तिथि	**: 24.04.2020**
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु Registration की अंतिम तिथि	**: 30.04.2020**
3.	Registered अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु चालान Download करने की अंतिम तिथि	**: 28.04.2020**
4.	Registered अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन भरने एवं चालान / डेबिट / क्रेडिट कार्ड अथवा नेट बैकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि	**: 02.05.2020**
5.	प्रस्तावित परीक्षा (CBT) की तिथि	: To be notified later on

पूर्व प्रकाशित विवरण पुस्तिका को यथानुसार संशोधित कर पर्षद के उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध करा दिया गया है। उक्त विवरण पुस्तिका को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

नोडल पदाधिकारी